दिन– मंगलवार दिनांक– 08 / 04 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के दस वर्ष पूरे हुये। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज योजना के लाभार्थियों से संवाद करेंगे।

02. केन्द्र ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तीसरे चरण के तहत राज्य की सड़कों के लिए लगभग तीन सौ अड़सठ करोड़ रूपये की योजनाओं को मंजूरी दी।

03. देशभर में घरेलू गैस सिलिंडर के मूल्य में पचास रुपये की बढ़ोतरी। नई दर आज से प्रभावी।

04. और, मौसम विभाग का पूर्वानुमान – किशनगंज, अररिया, पूर्णियां और सुपौल जिले में आज बारिश और वज्रपात की आशंका।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के दस साल पूरे होने के अवसर पर योजना के लाभार्थियों से बातचीत करेंगे। यह संवाद अब से थोड़ी देर में शुरू होगा। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत अब तक बत्तीस लाख करोड़ रुपये से अधिक के बावन करोड़ से अधिक ऋण स्वीकृत किए जा चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दो हजार पन्द्रह में इस योजना को गैर–कॉर्पोरेट, गैर–कृषि, लघु एवं सूक्ष्म उद्यमों को दस लाख रुपये तक के जमानत–मुक्त ऋण प्रदान करने के लिए शुरू किया था। हमारे संवाददाता ने बताया है कि इसका उद्देश्य वित्तीय समावेशन को सुविधाजनक बनाना और उद्यमियों को सशक्त बनाना है।

———बाईट———

---

केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तीसरे चरण के तहत राज्य की सड़कों के लिए लगभग तीन सौ अड़सठ करोड़ रूपये को मंजूरी प्रदान की है। इस राशि से प्रदेश में एक सौ तीन नये पुल और लगभग चौंतीस किलोमीटर ग्रामीण सड़कों का निर्माण किया जायेगा। ग्रामीण कार्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार सड़कों के रख–रखाव के लिए अतिरिक्त दो सौ तीस करोड़ रूपये केन्द्र ने राज्य सरकार को दिये हैं। विभाग के अनुसार इन योजनाओं के लिए निविदा प्रक्रिया शुरू हो गयी है। इच्छुक एजेंसियों से पांच मई तक प्रस्ताव मांगा गया है। इसके अलावा वित्तीय वर्ष दो हजार तेईस–चौबीस में इस योजना के तहत उत्कृष्ट कार्यों के लिए केन्द्र की ओर से राज्य सरकारको एक सौ अड़तीस करोड़ रूपये की प्रोत्साहन राशि भी प्राप्त हुई है।

---

केन्द्र सरकार ने घरेलू गैस सिलिंडर के मूल्य में पचास रुपये की बढ़ोतरी की है। नई दर आज से प्रभावी हो गयी है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने नई दिल्ली में बताया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के लिए भी बढ़ी हुई दर लागू होगी। उन्होंने कहा कि तेल विपणन कंपनियों को लागत से कम मूल्य पर सिलिंडर बेचने के कारण लगभग इकतालीस हजार करोड़ रुपये का घाटा हुआ है। इस घाटे को कम करने के लिए सरकार ने मूल्य वृद्धि का निर्णय लिया है। श्री पुरी ने यह भी बताया कि सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में दो रुपये प्रति लीटर की वृद्धि का निर्णय लिया है। हालांकि इस वृद्धि का उपभोक्ताओं पर कोई असर नहीं होगा।

---

प्रदेश में शराबबंदी कानून लागू होने और डायल एक सौ बारह सेवा शुरू होने के बाद साम्प्रदायिक दंगों की घटना में कमी आई है। पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने बताया कि पिछले बीस वर्षों में इस तरह की घटनाओं में तीन गुना गिरावट दर्ज की गयी है। डीजीपी ने कहा कि यह इस बात का प्रमाण है कि शराबबंदी कानून और डायल एक सौ बारह दंगा की घटनाओं को कम करने में कारगर साबित हुये हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष दो हजार चार में जहां नौ हजार एक सौ निन्यानवे दंगे से जुड़े मामले दर्ज कराये गये थे वहीं, वर्ष दो हजार चौबीस में ऐसे मामलों की संख्या घटकर तीन हजार एक सौ छियासी रह गयी है।

---

राजस्व और भूमि सुधार विभाग के सचिव जय सिंह ने कहा है कि अंचल अभिलेखागार के अलावा किसी अन्य जगह पर राजस्व अभिलेख मिलने पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि प्रत्येक अंचलाधिकारी को इस बात का प्रमाण देना होगा कि निर्धारित कार्यालय के अलावा अन्यत्र कोई कार्यालय संचालित नहीं हो रहा है। इधर, पटना के जिलाधिकारी डॉक्टर चन्द्रशेखर सिंह ने लम्बित दाखिल–खारिज के पुराने मामले नहीं निपटाने वाले पांच अंचलाधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा है। इन अधिकारियों को दो सप्ताह के अन्दर सभी लम्बित मामले को निपटाने का निर्देश दिया गया है।

---

खाद्य और उपभोक्ता संरक्षण विभाग के प्रधान सचिव एन. सरवन कुमार ने राशन कार्डधारियों के लिए आधार सीडिंग, ई–केवाईसी अनिवार्य रूप से तीस जून तक पूरा करने का निर्देश दिया है। उन्होंने अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग में किसानों से

खरीदे गये धान से चावल तैयार कराकर पन्द्रह जून तक शत प्रतिशत चावल प्राप्त करना सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिये। श्री कुमार ने गेहूँ खरीद में तेजी लाने और किसानों को अड़तालीस घंटे के अन्दर राशि भुगतान सुनिश्चित करने को कहा।

---

प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में स्मार्ट मीटर को लेकर व्याप्त भ्रम को दूर करने के लिए बिजली कम्पनियों ने नयी पहल की है। इसके तहत गांवों में अब सबसे पहले मुखिया और सरपंच के घरों में स्मार्ट प्री–पेड मीटर लगाया जायेगा। कम्पनी के अधिकारियों ने कहा कि इसे लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। कम्पनी स्मार्ट प्री–पेड मीटर लगाने में तेजी लाने के साथ ही बिलिंग प्रक्रिया में सुधार की कार्रवाई कर रही है। प्रदेश में अब तक तिरेसठ लाख से अधिक स्मार्ट प्री–पेड मीटर लगाये जा चुके हैं।

---

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि विश्व दृश्य–श्रृव्य और मनोरंजन शिखर सम्मेलन–वेव्स पहली मई से चार मई तक मुंबई में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि डिजिटल इंडिया से देश के हर कोने में डिजिटल तकनीक पहुंची है, जिससे मजबूत रचनात्मक अर्थव्यवस्था तैयार हो रही है।

———बाईट———

आज छोटे से छोटे गांव में भी जो एक एनर्जेटिक युथ है उनको आपर्टूनटीज मिलती है उस आपर्टूनटी को क्रीऐटिव इकोनोमी को एक बहुत स्ट्रक्चर वे में आगे बढने की आपर्टूनटी देने के लिए वेव्स वर्ल्ड ऑडियो–विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट मई फस्ट से मई फोर मुंबई में स्टार्ट हो रहा है, दुनियाभर से बहुत सारे इन्वेस्टर वो आ रहे हैं जो भारत की क्रीऐटिव इकनोमी में इन्वेस्ट करना चाहते हैं।

---

मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों तक सुपौल, अररिया, किशनगंज, मधेपुरा, सहरसा, पूर्णियां और कटिहार समेत राज्य के उत्तरी हिस्सों में अधिकांश स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना जताई है। इस दौरान तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने का भी पूर्वानुमान है। साथ ही कुछ जगहों पर वज्रपात की भी आशंका जताई गई है। विभाग के अनुसार आज किशनगंज, अररिया, पूर्णियां और सुपौल जिले में बारिश और वज्रपात होने की आशंका है। विभाग ने कहा है कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान प्रदेश के अधिकांश भागों के अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ सकती है।

———बाईट———

पिछले चौबीस घंटों के दौरान रोहतास जिले का डेहरी राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां का अधिकतम तापमान चालीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

---

प्रदेश में बढ़ती गर्मी और इससे होने वाली बीमारियों को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने सतर्कता बढ़ा दी है। चमकी बुखार, डायरिया और लू पर प्रभावी नियंत्रण और प्रबंधन के लिए स्वास्थ्य विभाग ने पटना में चौबीसों घंटे काम करने वाला एक नियंत्रण कक्ष बनाया है। आम लोग नियंत्रण कक्ष के दूरभाष संख्या– **शून्य छह एक दो दो नौ पांच एक नौ छह चार** पर सम्पर्क कर आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। पटना के सिविल सर्जन डॉक्टर अविनाश कुमार सिंह ने बताया कि यहां तीन पालियों में वरीय चिकित्सक और पारा मेडिकल कर्मी तैनात रहेंगे। वहीं, विभाग ने कहा है कि लू से पीड़ित मरीजों को एसी एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया जायेगा। इसके लिए सभी एम्बुलेंस में एसी ठीक करने और उसमें जीवन रक्षक दवाईयां रखने के निर्देश दिये गये हैं।

---

और अब खबरें खेल की............

राज्य की अर्पिता दास ने गुजरात में आयोजित खेलो इंडिया अस्मिता राष्ट्रीय जूनियर महिला वुशू लीग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता है। वहीं, राज्य की जिया कुमारी ने वुशू प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त किया। खेल मंत्री सुरेन्द्र मेहता समेत अन्य गणमान्य लोगों ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी है।

इधर, सीतामढ़ी के जानकी स्टेडियम में खेले जा रहे बीसीए पुरूष अन्डर ट्वेंटी थ्री वन डे क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमीफाईनल में पटना ने मुजफ्फरपुर को चार रन से हरा दिया।

दरभंगा के नागेन्द्र झा स्टेडियम में खेले जा रहे बहत्तरवीं बिहार राज्य मोईनुलहक ट्राफी फुटबॉल प्रतियोगिता के एक मुकाबले में समस्तीपुर ने बांका को तीन–एक से पराजित कर दिया।

---

अररिया जिले के निवासी स्वतंत्रता सेनानी भृगुनाथ शर्मा का कल पटना में ईलाज के दौरान निधन हो गया। वे एक सौ पांच वर्ष के थे। उन्हें दो बार राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया जा चुका था। उनके निधन पर विभिन्न गणमान्य लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

---

पटना सिटी के मंगल तालाब स्थित हाई स्कूल मैदान में चौदह और पन्द्रह अप्रैल को पटना साहिब महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। ज़िलाधिकारी डॉक्टर चन्द्रशेखर सिंह ने महोत्सव के आयोजन के लिए आठ कोषांग का गठन किया है। पदाधिकारियों को भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था तथा यातायात प्रबंधन के लिए आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिये गये हैं।

---

कटिहार रेल पुलिस ने नशा खुरानी गैंग के सरगना समेत तीन लोगों को कटिहार स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया है। रेल एसपी हरिशंकर कुमार ने बताया कि यह गिरोह कटिहार, पूर्णिया, अररिया, किशनगंज सहित कई जिलों में सक्रिय था। इनके पास से नशीली दवा मिले हुये बिस्किट के पैकेट, कोल्ड ड्रिंक बोतल, नशे की दवा और सुपर सर्जिकल ब्लेड बरामद किये गये हैं।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अमेरिका द्वारा लगाये गये टैरिफ और उसके शेयर बाजार पर असर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की बड़ी खबर है– ट्रंप के वार से दुनियाभर के बाजारों में मचा हाहाकार। व्यापार युद्ध गहराने और मंदी की आशंका से निवेशक घबराए।

दैनिक जागरण ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बयान को सुर्खी बनाते हुये लिखा है– बिहार में कांग्रेस से पहले हुई गलती। गिरायेंगे पचास प्रतिशत आरक्षण की दीवार।

दैनिक भास्कर लिखता है– सीएचओ भर्ती ऑनलाईन परीक्षा में धांधली का सरगना गिरफ्तार। एक अन्य खबर में अखबार ने लिखा है– राज्य में एआई तकनीक से होगी मिट्टी की जांच। बीएयू को मिला सड़सठ करोड़ का अनुदान।

प्रभात खबर ने वक्फ कानून पर लिखा हैं– सुप्रीम कोर्ट याचिकाओं को सूचीबद्ध करने पर विचार को राजी। राष्ट्रीय सहारा लिखता है– भाजपा को दस दिनों में मिलेगा नया राष्ट्रीय अध्यक्ष।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के दस वर्ष पूरे हुये। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज योजना के लाभार्थियों से संवाद करेंगे।

02. केन्द्र ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तीसरे चरण के तहत राज्य की सड़कों के लिए लगभग तीन सौ अड़सठ करोड़ रूपये की योजनाओं को मंजूरी दी।

03. देशभर में घरेलू गैस सिलिंडर के मूल्य में पचास रुपये की बढ़ोतरी। नई दर आज से प्रभावी।

04. और, मौसम विभाग का पूर्वानुमान – किशनगंज, अररिया, पूर्णियां और सुपौल जिले में आज बारिश और वज्रपात की आशंका।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर बाद तीन बजकर दस मिनट पर प्रसारित किया जायेगा।